रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय
उलान बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-110010
Controller General of Defence Accounts
Ulan Batar Road, Palam, Delhi Cantt.- 110010

दूरभाष: 011-25665742 फैक्स : 011-25674806, 25674821 ई-मेल: hindicell.cgda@nic.in

विकसित भारत अभियान 1947 TO 2047

सं. 55018/ हि.क./ रा.भा.का.स./ मु.का./ 31

दिनांक : 29 दिसम्बर, 2025

सेवा में,

सभी र.ले.प्र.नि./ र.ले.नि./ क्षे.प्र.कें.

**विषय : रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय की दिनांक 23 दिसम्बर, 2025 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक के कार्यवृत्त का प्रेषण।**

रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय की अक्तूबर-दिसम्बर, 2025 तिमाही की बैठक दिनांक 23.12.2025 को रक्षा लेखा महानियंत्रक की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी। बैठक का कार्यवृत्त आपको इस अनुरोध के साथ अग्रेषित किया जाता है कि आपके कार्यालय से संबंधित कार्यवृत्त की मदों पर अपेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा की गई कार्रवाई से मुख्यालय कार्यालय को अवगत कराया जाए।

रक्षा लेखा महानियंत्रक के अनुमोदन से जारी।

संलग्नक : यथोक्त

ह०
**(पूनम)**
**सहायक निदेशक(राजभाषा)**

**प्रतिलिपि:**

1. निदेशक (राजभाषा), रक्षा मंत्रालय कमरा नं. 240, 'बी विंग', सेना भवन, नई दिल्ली - सूचनार्थ
2. मुख्यालय कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्य - सूचनार्थ
3. मुख्यालय कार्यालय के सभी अनुभाग - कृपया आपके अनुभाग से संबंधित कार्यवृत्त की मदों पर यथापेक्षित कार्रवाई करते हुए राजभाषा अनुभाग(स्था.) को सूचित करें।
4. सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रणाली कक्ष (स्थानीय) - र.ले.म.नि. की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु
5. आदेश फाइल - 01 प्रति

पूनम 29/12/25
**(पूनम)**
**सहायक निदेशक(राजभाषा)**

# रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय

उलान बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-110010

**Controller General of Defence Accounts**

Ulan Batar Road, Palam, Delhi Cantt.- 110010

दूरभाष: 011-25665742

फैक्स : 011-25674806, 25674821

ई-मेल: hindicell.cgda@nic.in


विकसित भारत अभियान 1947 TO 2047

**(राजभाषा अनुभाग)**

**विषय : रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 23 दिसम्बर, 2025 को आयोजित तिमाही बैठक का कार्यवृत्त।**

रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिसम्बर, 2025 को समाप्य तिमाही की बैठक 23 दिसम्बर, 2025 को अपराह्न 12.30 बजे श्री विश्वजीत सहाय, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा महानियंत्रक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री अनुग्रह नारायण दास | रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक |
| 2. | श्री कोम्पेला वेंकट रमण मूर्ति | रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक |
| 3. | श्री अश्विनी कुमार तिवारी | रक्षा लेखा वरिष्ठ संयुक्त महानियंत्रक |
| 4. | श्रीमती सुमति कुमार | रक्षा लेखा वरिष्ठ संयुक्त महानियंत्रक |
| 5. | श्री पुनीत अग्रवाल | रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक |
| 6. | श्री पुष्कल उपाध्याय | रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक |
| 7. | श्रीमती मौली सेनगुप्ता | रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक |
| 8. | श्री राजेश चन्द्रा | रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक |
| 9. | श्री बलराम कुमार | रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक |
| 10. | श्री विनीत पराशर | रक्षा लेखा वरिष्ठ सहायक महानियंत्रक |
| 11. | श्री संदीप श्योराण | रक्षा लेखा वरिष्ठ सहायक महानियंत्रक |
| 12. | सुश्री काव्या तंगिराला | रक्षा लेखा वरि. सहा. महानियंत्रक |
| 13. | श्री पवन कुमार सिंह | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 14. | श्री हिमतेश प्रताप सिंह | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 15. | श्री सोहन कुमार बहुगुणा | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 16. | श्री राजेश छाबड़ा | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 17. | श्री गोपाल प्रसाद अग्रवाल | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 18. | श्री अवधेश कुमार श्रीवास्तव | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 19. | श्रीमती पूनम | सहायक निदेशक (राजभाषा)/ सदस्य सचिव |
| 20. | श्रीमती काकोली दत्ता | वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 21. | श्रीमती वॉइलेट खैलखो | वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 22. | श्री पंकज दलाल | कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 23. | श्री अरविन्द | कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी |

सदस्य सचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं अन्य सदस्यों के स्वागतोपरांत, अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई। बैठक में निम्नलिखित मदों पर विचार-विमर्श किया गया :-

**मद सं. 1 : 22 सितम्बर, 2025 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पिछली बैठक 22 सितम्बर, 2025 को आयोजित की गई थी। बैठक का कार्यवृत्त सभी की जानकारी एवं यथा अपेक्षित कार्रवाई हेतु मुख्यालय कार्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया था। कार्यवृत्त के संबंध में किसी भी सदस्य से कोई आपत्ति अथवा सुझाव प्राप्त न होने पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि मान ली गई।

**मद सं. 2 : पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई**

(i) पिछली बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिए गए कि केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान से आशुलिपिकों एवं लिपिकों के प्रशिक्षण से संबंधित आगामी सत्र के आयोजन के बारे में जानकारी प्राप्त की जाए।

इस संबंध में सदस्य सचिव द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि मुख्यालय में तैनात 45 आशुलिपिकों में से 24 को हिंदी आशुलिपि का ज्ञान प्राप्त है। सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन उपरांत 02 आशुलिपिकों को अगले सत्र के लिए नामित किया गया है। शेष आशुलिपिकों को भविष्य में क्रमवार नामित किया जाएगा। 23 लिपिकों में से 12 को हिंदी टंकण का प्रशिक्षण प्राप्त है। वर्तमान में 01 लिपिक प्रशिक्षणरत हैं। फरवरी, 2026 सत्र के लिए 04 लिपिकों का नामांकन भेजा गया है।

**[कार्रवाई : राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

(ii) पिछली बैठक में अध्यक्ष महोदय ने निर्देश दिए थे कि कार्यालय आदेश भाग-II के ट्यूलिप में द्विभाषीकरण से संबंधित कार्रवाई की जाए।

इस संबंध में रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक (सू.प्रौ. एवं प्र.) द्वार समिति को अवगत कराया गया कि ट्यूलिप में अंग्रेजी पाठ का हिंदी में अनुवाद करने में अभी कठिनाइयां आ रही हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि कार्यालय आदेश भाग-2 के स्थाई भाग (static fields) को मानक रूप में तैयार किया जा सकता है तथा परिवर्तनशील भाग (dynamic fields) को अंग्रेजी में ही रखा जा सकता है।

उपर्युक्त के संबंध में अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिए गए कि इस व्यवस्था को 01 माह के लिए पायलट प्रोजक्ट के तौर पर रखा जाए तथा बाद में इसकी समीक्षा की जाए।

**[कार्रवाई : सू.प्रौ. एवं प्रणाली तथा राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

(iii) पिछली बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिये थे कि र.ले.प्र.नि./र.ले.नि. कार्यालयों की संसदीय राजभाषा समिति की नमूना निरीक्षण प्रश्नावलियों की समीक्षा के उपरांत कुल 9 मापदंडों के आधार पर किए गए मूल्यांकन को सभी अधीनस्थ कार्यालयों के साथ WAN पर साझा किया जाए।

इस संबंध में सदस्य सचिव द्वारा समिति को सूचित किया गया कि उक्त मूल्यांकन को सभी अधीनस्थ कार्यालयों के साथ WAN पर साझा किया गया है।

(iv) पिछली बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा सुझाव दिया गया था कि यदि कार्यालय के कार्मिकों को माया ऑपरेटिंग सिस्टम में हिंदी में कार्य करने में असुविधा हो रही है तो उनसे फीडबैक प्राप्त करके कार्यशाला का आयोजन किया जा सकता है।

इस संबंध में सदस्य सचिव द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि माया ऑपरेटिंग सिस्टम में हिंदी में कार्य करने में आ रही असुविधाओं के संबंध में सभी अनुभागों से फीडबैक मांगा गया था। इस संदर्भ में केवल

01 अनुभाग (लेखा एवं बजट) से फीडबैक प्राप्त हुआ था। सू.प्रौ. एवं प्र. अनुभाग द्वारा उनकी समस्या का समाधान कर दिया गया है।

(v) पिछली बैठक में निर्णय लिया गया था कि मुख्यालय के तत्वाधान में जयपुर में अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया जाए तथा सम्मेलन के आयोजन का दायित्व रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (द.प.क.), जयपुर को सौंपा जाए।

इस संबंध में सदस्य सचिव द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से मुख्यालय के तत्वाधान में अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन 08-09 जनवरी, 2026 के दौरान रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (द.प.क.), जयपुर द्वारा किया जा रहा है।

सम्मेलन के आयोजन के संबंध में अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिए गए कि आयोजन संबंधी सभी तैयारियां सम्यक रूप से की जाएं तथा आयोजक कार्यालय को सभी संभव मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया जाए। इसके अतिरिक्त, सम्मेलन की समाप्ति की संध्या को एक कवि सम्मेलन तथा रात्रिभोज का आयोजन भी किया जाए।

श्री के.वी.आर. मूर्ति, रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक द्वारा सुझाव दिया गया कि अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के प्रतिवर्ष आयोजन की परंपरा को बनाए रखा जा सकता है तथा सम्मेलन को क्रमवार विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित किया जा सकता है। इस संबंध में अध्यक्ष महोदय द्वारा सहमति प्रकट की गई और यह सुझाव दिया गया कि अगला सम्मेलन बेंगलुरू अथवा हैदराबाद में आयोजित किया जा सकता है।

**[कार्रवाई : र.ले.प्र.नि. (द.प.क.), जयपुर एवं राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

(vi) पिछली बैठक में निर्णय लिया गया था कि जिन स्टेशनों पर राजभाषा संवर्ग के अधिकारियों की तैनाती प्राधिकृत संख्याबल से अधिक है, उन्हें वहाँ से वरिष्ठता के आधार पर उन स्टेशनों पर तैनात किया जा सकता है, जहाँ राजभाषा संवर्ग के अधिकारी प्राधिकृत पद होने के बावजूद तैनात नहीं हैं। इसके लिए संबंधित अनुभागों को संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए गए। अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिए गए थे कि इस प्रक्रिया को 31 दिसंबर, 2025 तक पूरा कर लिया जाए।

इस संबंध में समूह अधिकारी (प्रशासन) द्वारा सूचित किया गया कि स्थानांतरण के इच्छुक अधिकारियों/ कर्मचारियों की वार्षिक वॉलंटियर सूची को अंतिम रुप दिया जा रहा है तथा वर्तमान शैक्षणिक सत्र की समाप्ति पर इस संबंध में अपेक्षित कार्रवाई की जाएगी।

श्री के.वी.आर. मूर्ति, रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक द्वारा सुझाव दिया गया कि राजभाषा संवर्गीय रिक्त पदों को भरते समय 'ख' और 'ग' क्षेत्र में स्थित कार्यालयों को प्राथमिकता दी जाए। अध्यक्ष महोदय द्वारा इस पर सहमति व्यक्त की गई।

**[कार्रवाई : प्रशासन-II एवं प्रशासन-X अनुभाग (स्थानीय)]**

(vii) पिछली बैठक में समिति द्वारा निर्णय लिया गया था कि ई-मेल के प्राप्तकर्ता की ओर से ई-मेल की एक स्वतः उत्पन्न (Self Generated) पावती ई-मेल भेजने वाले को हिंदी में प्राप्त हो।

इस संबंध में सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रणाली अनुभाग द्वारा अपेक्षित कार्रवाई की गई है।

(viii) पिछली बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिए गए थे कि रक्षा लेखा वरिष्ठ सहायक महानियंत्रक (प्रशा.) द्वारा सभी अनुभागों के समूह अधिकारियों के साथ कम से कम एक मासिक बैठक आयोजित की जाए, जिसमें कार्यालय में हिंदी की प्रगति की समीक्षा की जाए। साथ ही, पूर्व में आयोजित की जाने वाली समूह

अधिकारी स्तर की बैठकों की परम्परा को पुनः आरम्भ किया जाए तथा अन्य मदों के साथ-साथ इन बैठकों में हिंदी के प्रयोग के संबंध में भी चर्चा की जाए।

इस संबंध में रक्षा लेखा वरिष्ठ सहायक महानियंत्रक (प्रशा.) द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि इस आशय की बैठक दिनांक 08.12.2025 को आयोजित की गई है तथा बैठक में भाग लेने वाले अधिकारियों से यह अनुरोध किया गया है कि उनके अधीन अनुभागों में हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बरकरार रखा जाए। यदि किसी अनुभाग के हिंदी पत्राचार में कमी आने की संभावना हो तो तिमाही के अंतिम माह में अतिरिक्त प्रयास कर हिंदी पत्राचार में वृद्धि की जाए।

अध्यक्ष महोदय द्वारा इस संबंध में निर्देश दिए गए कि समूह अधिकारियों की बैठक से संबंधित अनुपालन रिपोर्ट राजभाषा कार्यान्वयन समिति की अगली बैठक में प्रस्तुत की जाए।

**[कार्रवाई : सभी अनुभाग (स्थानीय)]**

(ix) पिछली बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिए गए थे कि राजभाषा अनुभाग द्वारा अधिक से अधिक मानक प्रपत्रों को द्विभाषी किया जाए ताकि हिंदी पत्राचार में और वृद्धि हो सके।

इस संबंध में सदस्य सचिव द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि कार्यालय के विभिन्न अनुभागों से प्राप्त प्रपत्रों तथा अन्य सामग्री का हिंदी में अनुवाद किया गया है।

इस पर अध्यक्ष महोदय द्वारा सुझाव दिया गया कि आंतरिक लेखापरीक्षा रिपोर्ट को भी हिंदी में तैयार किया जाए तथा अगली रिपोर्ट द्विभाषी रूप में भेजी जाए।

**[कार्रवाई : राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

(x) पिछली बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिए गए थे पिछले तीन वर्षों की तिमाही बैठकों में लिए गये महत्त्वपूर्ण निर्णयों को संकलित कर अनुपालनार्थ उचित दिशा निर्देश देते हुए समुचित परिपत्र प्रधान नियंत्रक तथा नियंत्रक कार्यालयों को जारी किया जाए।

सदस्य सचिव द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि इस संबंध में अपेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित की गई है।

(xi) पिछली बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिए गए थे रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/ रक्षा लेखा नियंत्रक कार्यालयों से वर्ष 2025-26 के लिए उनके अधीनस्थ कार्यालयों के राजभाषा निरीक्षण से संबंधित कार्यक्रम प्राप्त किए जाएं तथा इस आशय की मॉनिटरिंग की जाए कि उनके द्वारा निर्धारित लक्ष्य का किस सीमा तक पालन किया जा रहा है।

सदस्य सचिव द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि इस संबंध में अपेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित की गई है। समिति द्वारा इस पर संतोष व्यक्त किया गया।

(xii) पिछली बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा बताया गया था कि "राजभाषा कोना" के अंतर्गत अपलोड की गई कुछ तस्वीरों की गुणवत्ता अच्छी नहीं है। इन तस्वीरों को आकर्षक रूप देते हुए उनसे संबंधित आयोजन एवं उचित शीर्षक के साथ पुनः वेबसाइट पर अपलोड किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, गांधीनगर, गुजरात में आयोजित 5वें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में विभाग के प्रतिनिधित्व स्वरूप सम्मेलन की झलकियाँ भी "राजभाषा कोना" में प्रदर्शित की जाएं।

सदस्य सचिव द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि इस संबंध में अपेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित की गई है। समिति द्वारा इस पर संतोष व्यक्त किया गया।

**मद सं. 3: <u>हिंदी पत्राचार की तुलनात्मक समीक्षा</u>**

सदस्य सचिव द्वारा पिछली दो तिमाहियों अर्थात् जून, 2025, सितम्बर, 2025 तथा 30 नवम्बर, 2025 के हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित रिपोर्टों की तुलनात्मक समीक्षा समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई। तुलनात्मक समीक्षा से ज्ञात हुआ कि सितम्बर, 2025 को समाप्त तिमाही में कार्यालय का समग्र हिंदी पत्राचार 91.98% था, जो नवम्बर, 2025 में बढ़कर 92.13% हो गया है।

इस संबंध में अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिए गए कि हिंदी पत्राचार में और अधिक वृद्धि के प्रयास किए जाएं तथा एक बार प्राप्त लक्ष्य में कमी न आने पाए। साथ ही, उन्होंने यह निर्देश भी दिए कि जिस क्षेत्र का हिंदी पत्राचार का प्रतिशत कम हुआ है उसे तिमाही के अंतिम माह में अतिरिक्त प्रयास के माध्यम से बढ़ाया जाए।

**[कार्रवाई : सभी अनुभाग (स्थानीय)]**

**मद सं. 4 : रक्षा लेखा विभाग में राजभाषा संवर्ग के पदों की स्थिति**

सदस्य सचिव द्वारा विभाग में राजभाषा संवर्गीय पदों की स्थिति समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई। समिति को अवगत कराया गया कि सहायक निदेशक(राजभाषा) के 24 मानित समाप्त पदों के पुनः प्रवर्तन हेतु रक्षा मंत्रालय (वित्त) में प्रस्ताव विचाराधीन है। इसके अतिरिक्त, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारियों के 17 रिक्त पदों के लिए कर्मचारी चयन आयोग से डोज़ियर प्राप्त हो चुके हैं तथा नियुक्ति की प्रक्रिया प्रगतिधीन है। शेष 03 रिक्त पदों के लिए कर्मचारी चयन आयोग को मांगपत्र भेज दिया गया है तथा शेष 01 रिक्त पद के लिए मांगपत्र अगले वर्ष कर्मचारी चयन आयोग को भेज दिया जाएगा।

अध्यक्ष महोदय ने निर्देश दिए कि सहायक निदेशक(राजभाषा) के 24 मानित समाप्त पदों के पुनः प्रवर्तन हेतु रक्षा मंत्रालय से संपर्क करके मामले को शीघ्रता प्रदान की जाए।

**[कार्रवाई : प्रशासन-VIII (स्थानीय)]**

**मद सं 5 : राजभाषा संबंधी निरीक्षण**

**(i) मुख्यालय द्वारा अधीनस्थ कार्यालयों का राजभाषा संबंधी निरीक्षण :**

समिति को अवगत कराया गया कि वार्षिक कार्यक्रम वर्ष 2025-26 में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार प्रत्येक संगठन/ कार्यालय के 30% अधीनस्थ कार्यालयों का राजभाषा निरीक्षण किया जाना अनिवार्य है। उक्त लक्ष्य की प्राप्ति हेतु वर्ष 2025-26 के दौरान इस मुख्यालय के अधीन कुल 34 प्रधान नियंत्रक एवं नियंत्रक कार्यालयों में से न्यूनतम 12 कार्यालयों का राजभाषा संबंधी निरीक्षण किया जाना अपेक्षित है।

तदनुसार, सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से अप्रैल-दिसम्बर, 2025 तक 08 अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण किया जा चुका है तथा जनवरी-मार्च, 2026 के दौरान शेष 04 कार्यालयों का निरीक्षण भी पूरा कर लिया जाएगा।

**[कार्रवाई : राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

**(ii) स्थानीय अनुभागों का राजभाषा संबंधी निरीक्षण :**

वार्षिक कार्यक्रम 2025-2026 के अनुसार इस मुख्यालय कार्यालय के 30 प्रतिशत स्थानीय अनुभागों का निरीक्षण किया जाना अपेक्षित है। सदस्य सचिव द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से इस वर्ष कुल 39 अनुभागों में से प्रस्तावित सभी 13 अनुभागों का निरीक्षण किया जा चुका है।

**मद सं 6 : मुख्यालय के छमाही ई-संवादपत्र (न्यूज लेटर) का प्रकाशन**

श्री के.वी.आर. मूर्ति, रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक द्वारा सुझाव दिया गया कि राजभाषा के प्रयोग को प्रोत्साहन देने के लिए मुख्यालय द्वारा छमाही ई-संवादपत्र (न्यूज लेटर) का प्रकाशन किया जा सकता है।

अध्यक्ष महोदय द्वारा इस पर अपनी सहमति प्रदान की गई।

**[कार्रवाई : राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

अंत में अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद देने के साथ ही बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई।

पूनम 29/12/25

**(पूनम)**

**सहायक निदेशक (राजभाषा)**